हिंदी दिवस

14 सितंबर 2025 को पेस्टल वीड कॉलेज ऑफ़ इन्फ़ॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में हिंदी दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।कार्यक्रम का संचालन द्वितीय सेमेस्टर के छात्र आशीष और अंशिका ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई।हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में कॉलेज परिसर में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। हिंदी व्याख्याता डॉ. शैलजा अस्थाना ने छात्रों को हिंदी का इतिहास समझाया और अपनी एक कविता का पाठ किया।कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए व्याख्याता श्री शुभम रतूड़ी ने महादेवी वर्मा के जीवन पर प्रकाश डाला।व्याख्याता श्रीमती दीप्ति वार्ष्णेय और श्रीमती मोनिका ढाका ने भी हिंदी दिवस पर अपने विचार साझा किए।चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों ने समूह गान प्रस्तुत किया और षष्ठम सेमेस्टर के छात्रों ने कविताएँ सुनाईं तथा सभी भाषाओं की जननी हिंदी पर अपने विचार प्रकट किए।कार्यक्रम के अंत में, प्राचार्य डॉ. अनीता वर्मा ने छात्रों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला।
कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. अनीता वर्मा ने छात्रों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएँ दीं और हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला।